### विषारी दारू बनवणाऱ्यांना आणि विकणाऱ्यांनाच नव्हे, तर त्यांना पाठीशी घालणाऱ्या साखळीसह भ्रष्ट यंत्रणेतल्या बड्या माशांनाही उघडं पाडलं पाहिजे !



श्रीनिवास नागे
वरिष्ठ वृत्तसंपादक, लोकमत, पिंपरी-चिंचवड

**ईदच्या** सुट्टीचा दिवस. पुण्याला खेटून असलेल्या उद्योगनगरी पिंपरी-चिंचवडमधील आळसावलेली दुपार. अचानक समाजमाध्यमांवर पोस्ट व्हायरल होते, दापोडीतल्या चौकात असलेल्या फलकाची. त्यावर एकाच दिवशी मृत्यू झालेल्या पाचजणांना श्रद्धांजली वाहणारा मजकूर झळकतो. मग, चर्चेला पाय फुटतात. हातभट्टीच्या दारूमुळं काहीजण दगावल्याची कुजबुज. दोनेक तासांत समजतं, सात-आठ जण गेल्याचं. पण, पोलिसांना आणि राज्य उत्पादन शुल्क विभाग (एक्साइज) यांना म्हणे गंधवार्ताही नसते! अर्थात तो फक्त दिखावा. प्रत्यक्षात प्रकरण शेकू नये, म्हणून ते दाबण्यासाठी आधीच यंत्रणा कामाला लागलेली. विषारी दारूमुळं किड्यामुंग्यांसारखी माणसं मरत असताना मुर्दाड व्यवस्था 'हे प्रकरण विषारी दारूचं नव्हेच', असं ठसवण्याचा आटापिटा सुरू करते...

'लोकमत'नं जागल्याची भूमिका पार पाडली नसती, तर कदाचित हे उजेडात आलंही नसतं. अखेर महाराष्ट्राच्या विवेकबुद्धीला हादरा देणारं विषारी दारूकांड समोर आलं.

उद्योगनगरीतल्या फुगेवाडी आणि पुण्यातल्या हडपसरमध्ये हातभट्टीच्या विषारी दारूमुळं २५ जण दगावलेत, तर आठ-दहा जण रुग्णालयांतल्या 'आयसीयू'त टाचा घासताहेत. पोलिस मात्र अजूनही ही आकडेवारी लपवत आहेत. तब्बल दहा मृत्यूंची नोंदच करण्यात आलेली नाही, त्यांच्या लेखी मृतांची संख्या पंधराच दिसते !

या प्रकरणाच्या मूख्य सूत्रधारानं दारू 'कडक' होण्यासाठी त्यात घातक मिथेनॉल मिसळून चार गुत्त्यांवर पुरवल्याचं स्पष्ट झालं आहे. हा अपघात नव्हे, निगरगट्ट प्रशासनाच्या निष्क्रियतेनं घडवून आणलेला सामूहिक मनुष्यवधच. एवढा अवाढव्य विषारी दारूचा व्यापार एका रात्रीत उभा राहतो का ?, फुगेवाडीतला गुत्ता तर तीस-चाळीस वर्षांपासून बिनदिक्कत सुरू आहे ! हातभट्टीची दारू गाळणारी, त्यात काहीबाही मिसळून बनावट दारू बनवणारी, मिथेनॉलची खरेदी, 'मिक्सिंग', वाहतूक, साठवणूक आणि विक्री करणारी अखंड साखळी पद्धतशीर काम करत होती. मग पोलिस आणि 'एक्साईज'वाले नेमकं काय करत होते? गल्लीबोळातल्या पोरासोरांनाही अड्डे-गुत्ते माहीत असतात, पण पोलिसांना आणि 'एक्साईज'ला ते का दिसत नाहीत? या प्रकरणात पोलिस आणि एक्साईजमधल्या २२ अधिकारी व कर्मचाऱ्यांना निलंबित करण्यात आलंय. या किडलेल्या यंत्रणांनी प्रामाणिकपणानं 'ड्युटी' बजावली असती, चिरीमिरी गोळा करण्याच्या मोहापायी या धंद्याला मोकळीक दिली नसती, तर इतके जीव गेले असते का?

ही गावठी दारू स्वस्त आणि झटपट नशा देणारी. खेड्यापाड्यातले ओढे-नाले, नद्यांकाठच्या झाडी-झुडपांपासून महानगरांतल्या कामगारवस्त्या, झोपडपट्ट्यांपर्यंत तिची निर्मिती आणि मुबलक पुरवठा. वर्षानुवर्षे चालत आलेला गोरखधंदा. पुणे परिसरात या तीस रुपयांच्या दारूच्या फुग्यानं कैक संसार उद्ध्वस्त झाले. घरांतली कर्तीसवरती मंडळी गेली.

काहींच्या डोळ्यांसमोर नवरा, वडील, भाऊ, मुलगा तडफडून गेला. जीव गमावलेले सगळेच रोजंदारीवर काम करणारे हमाल-कामगार, हातावर पोट असलेले कष्टकरी, परवडणाऱ्या कैफात बुडण्यासाठी आलेले दोस्त, झोपडपट्ट्यांतली तरणी पोरं, जगालाच वैतागलेले उपेक्षित जीव! त्यांच्या मृत्यूची बातमी काही दिवस चर्चेत राहते आणि नंतर विसरलीही जाते, पण त्या घरातली उघड्यावर पडलेली बायका-पोरं आणि मातीमोल झालेलं अख्खं कुटुंब आयुष्यभर हा भोग घेऊन जगत राहतं.

गरिबाचा जीव इतका स्वस्त का समजला जातो? उच्चभ्रू वस्तीत किंवा मोठ्या चकचकीत पब्ज-बारमध्ये असं काही घडलं असतं, तर झाडून सगळी यंत्रणा कामाला लागली असती. पण, झोपडपट्टीत किंवा कामगार वस्तीत जीव गेला की, उरतो फक्त आकडेवारीचा सोपस्कार आणि त्या तुच्छ घटकांबद्दलचा तिरस्कार. ही यातली क्लेशदायक सामाजिक आणि मानवी बाजू.

पुढे झालं काय?- सरकारच्या प्रतिनिधींनी येऊन नुकसानभरपाई जाहीर केली. पण ते पुरेसं आहे का? या प्रकरणात मरणाचं सरण रचणाऱ्या, दारू बनवणाऱ्यांना आणि विकणाऱ्यांच नव्हे तर त्यांना पाठीशी घालणाऱ्या सगळ्या साखळीला उघडं पाडलं पाहिजे. निलंबनावर प्रकरण संपता कामा नये. दोषी अधिकाऱ्यांवर फौजदारी जबाबदारी निश्चित झाली पाहिजे. कारण, यांना निलंबित करून अर्धा पगार देऊन, पुन्हा नोकरीत घेतलं जातं, मग हेच भ्रष्ट दलाल दुप्पटीनं वसुलीला लागतात !

सामान्य माणसाचा जीव इतका स्वस्त समजला जाणार असेल, तर ही शोकांतिका पुन्हा घडेल. मृतांच्या सरणाची राख थंड होण्यापूर्वीच व्यवस्था जागी झाली नाही, तर या मृत्यूंना जबाबदार केवळ दारू माफिया नसतील, तर त्यांच्याकडं सोयीस्कर डोळेझाक करणारी सगळी यंत्रणाच असेल.

shrinivas.nage@lokmat.com

## जगभर

# दोन गुराखी हवेत पगार लाखावर अर्ज हजारो !

**चीनमध्ये** अलीकडेच आलेली नोकरीची एक जाहिरात.. ही जाहिरात तशी साधीशीच. कोणत्या पदांसाठी ही भरती होती? - तर गुराखी म्हणजे गुरं चारण्यासाठी माणसं हवीत म्हणून.. जागा किती होत्या? - तर फक्त दोन! या दोन पदांसाठी अक्षरश: हजारो अर्ज आले!

एप्रिल महिन्याच्या शेवटी फार्म मालक झुओ झियाओयोंग यांनी दक्षिण मंगोलियातील दुर्गम गवताळ भागात मेंढ्या, गुरं चारायला गुराख्यांसाठी ही नोकरीची जाहिरात दिली होती. अवघ्या तासाभरात या जाहिरातीला सातशेहून अधिक अर्ज मिळाले आणि उमेदवारांची संख्या वाढतच गेली. वीबोवर, म्हणजेच चीनच्या सोशल मीडिया मंचावर त्याला अल्पावधीत सहा कोटी व्ह्यूज मिळाले. गुराखी पदासाठी अर्ज करणाऱ्यांमध्ये कोण कोण असावं? - कारखान्यातील कामगार, कार्यालयीन कर्मचारी आणि शांघाय व चोंगकिंगसारख्या मोठ्या शहरांतील नुकत्याच पदवीधर झालेल्या असंख्य विद्यार्थ्यांचा यात समावेश होता. या प्रतिसादातून चीनच्या अर्थव्यवस्थेमधील दीर्घ कामाचे तास, अत्यल्प पगार आणि करिअरच्या घटत्या संधींबद्दल वाढती निराशा दिसून येत आहे.

ज्यांनी ही जाहिरात दिली, ते फार्ममालक झुओ यांनी सांगितलं, ही जाहिरात इतकी व्हायरल होईल, अशी मला अपेक्षा नव्हती. अनेक अर्जदारांनी कर्जाचं ओझं, थकवून टाकणाऱ्या औद्योगिक नोकऱ्या आणि कामाच्या ठिकाणचा ताण याबद्दलही अर्जांमध्ये माहिती दिली होती.

चीनचा अधिकृत बेरोजगारी दर पाच टक्क्यांपेक्षा



थोडा जास्त असला, तरी अपुरा रोजगार आणि नोकरीतील असुरक्षितता वाढत आहे. कामगार देशातील 'नऊ-नऊ-सहा' कार्यसंस्कृतीवर सातत्यानं टीका करत आहेत. 'नऊ-नऊ-सहा' म्हणजे काय? - तर आठवड्यातील सहा दिवस रोज सकाळी नऊ ते रात्री नऊपर्यंत काम करणं ! त्याचवेळी खासगी क्षेत्रातील वेतनवाढ आर्थिक विस्ताराशी जुळवून घेण्यात कमी पडत आहे.

झुओ यांचा प्रस्ताव मुख्यतः पगारामुळं चर्चेत आला. गुराख्यांना दरमहा आठ हजार युआन, म्हणजेच सुमारे १,१७८ डॉलर्स (सुमारे सव्वा लाख रुपये) दिले जाणार होते. हा पगार शहरी खासगी क्षेत्रात दिल्या जाणाऱ्या पगारापेक्षाही जास्त आहे. चीनचा राष्ट्रीय सरासरी पगार सहा हजार युआन आहे. याशिवाय मोफत निवास आणि अन्नधान्यही दिलं जाणार होतं. त्याबदल्यात कामगारांना तीन हजार मेंढ्यांची देखभाल करावी लागणार होती आणि उणे तीस अंश सेल्सिअसपेक्षाही कमी तापमानाच्या हिवाळ्याला सामोरं जावं लागणार होतं.

फार्म मालक झुओ यांनी इशारा दिला की, मी पगार नक्कीच जास्त देत आहे, पण या कामात कष्ट आहेत, हे काम अजिबात सुखकर नाही. शिवाय तुम्ही दीर्घकाळ काम करू शकता का आणि हिवाळा सहन करू शकता का, हीदेखील सर्वात महत्त्वाची गोष्ट आहे.

## जनमन

# राष्ट्रीय कर्तव्य खरे; पण...



**'जनगणना'सारख्या** अत्यंत महत्त्वाच्या राष्ट्रीय कर्तव्याच्या कामासाठी उन्हाच्या तीव्रतेत काम करताना शिक्षकांचा मृत्यू व्हावा, ही घटना अतिशय दु:खदायक आणि लाजिरवाणी आहे. या घटना सर्वसामान्य लोकांच्याही जिवाला चटका लावणाऱ्या आहेत. राष्ट्रउभारणीसाठी हातभार, भावी पिढीच्या भविष्यातील तरतुदी, विविध क्षेत्रांसाठी नियोजन... अशा अनेक राष्ट्रविकास धोरणांच्या अंमलबजावणीसाठी जनगणना मोहीम देशपातळीवर राबवली जात आहे. अनेक शिक्षक, सरकारी कर्मचारी अत्यंत प्रामाणिकपणे व जबाबदारीने आपले कर्तव्य बजावत आहेत. मानसिक, शारीरिक ताण सहन करत पुरुष आणि महिला कर्मचारी दिवसभर जनगणना कामासाठी आपल्या कुटुंबापासून दूर अंतरावर प्रवास करत असताना उन्हाळ्याच्या तीव्रतेमुळे, हृदयविकाराच्या झटक्यामुळे तसेच वाहनांच्या अपघातामुळे शिक्षकांचा जीव जाणे म्हणजे त्या कुटुंबांवर दुःखाचा डोंगर कोसळणेच आहे. या घटना हृदयद्रावक आहेत. असह्य मानसिक, भावनिक धक्का, आर्थिक विवंचना, अस्थिरता, सामाजिक कौटुंबिक संघर्ष, पुढे मदतीसाठी शासकीय, प्रशासकीय दिरंगाईचा त्रास, अशा अनेक कठीण परिस्थितीचा सामना या कुटुंबाला करावा लागत असतो. शासनाने जनगणना कर्मचाऱ्यांची काळजी घ्यायला हवी. त्यांना येणाऱ्या अडचणी दूर करायला हव्यात, जेणेकरून अशा घटना पुन्हा घडणार नाहीत. त्यांच्यावर जबाबदारी सोपवून त्यांना वाऱ्यावर सोडू नये. जनगणना या राष्ट्रीय कर्तव्यावर काम करणाऱ्या सर्वच कर्मचाऱ्यांनीही स्वतःच्या आरोग्याची काळजी घ्यावी, वाहतूक सुरक्षा पाळावी. शासनानेसुद्धा दुर्दैवी कुटुंबाला आधार देऊन नैतिक कर्तव्य पार पाडावे.

**- नितीन कुंभार,** पिंपरी, पुणे

समकालीन महत्त्वाचे मुद्दे मांडणारी, नवी चर्चा सुरू करणारी वाचक-पत्रे या स्तंभामध्ये प्रसिद्ध केली जातील. आपली पत्रे येथे पाठवा : **janman@lokmat.com**

## तिरकस आणि चौकस

गजानन घोंगडे




## गावशिवारातली टिपणं

# गावाकडल्या शनिवारच्या बाजाराचा दिवस सरला, त्याची गोष्ट!

### भाजीपाला, शेवचिवडा, गोडीशेव-बर्फी, चरचरीत भजी, कापडचोपड, वही-पेन, शिट्ट्या-खुळखुळे, स्नो-पावडरचे डबे आणि रिबिना असं काय वाट्टेल ते!



बालाजी सुतार
कवी-कथाकार

**कुणाही** दोन माणसांमध्ये काही पैशाअडक्याचा व्यवहार असला, तर ते एकमेकांना शनिवारचे वायदे सांगत. शेतातल्या रोजगारी माणसांची मजुरी देण्याचा वार शनिवार असायचा. घरातल्या बारक्या पोरांनी एखादं काम करायला खळखळ केली, तर आया म्हणत, नाहीस करत? थांब, शनवार येऊ दे, एक पैसा देते का बघ तुला!

आठवड्यातले सहा दिवस ब्लॅक अँण्ड व्हाइट टीव्हीतल्या चित्रासारखे गेल्यावर एकदम रंगीत चित्रपटासारखा शनिवारी भरणारा आठवडी बाजार येई. गाव आणि भोवतालच्या दोनपाच मैलांतल्या बारा-पंधरा वाड्यावस्त्यांसाठी सगळ्यात 'हॅपनिंग' असा दिवस. आता काळ आणि खुद्द बाजाराच्या कल्पना अतिशयच बदललेल्या असल्या तरी, अजूनही शनिवार आला म्हणजे एरवीचं निवांत गाव एकदम हलत्या चित्रासारखं जिवंत झाल्याचं दिसायला लागतं. शनिवारी सकाळी बाजार भरायला लागतो, तेव्हा नवीन लग्न झालेल्या दणकट तरुणाइतक्या उत्साहानं सळसळत असलेलं गाव रविवारी मध्यमवयीन तृप्त सुखवस्तू बाईसारखं संथ होतं. सोमवारी उन्हाळ्याच्या लांबलचक सुट्टीनंतर कुणाच्याशा अगम्य अधीर ओढीने शाळेत निघालेल्या आठवी-नववीतल्या पोराइतकं चपळ तरतरीत होतं. बाकीचे पुढचे सगळे दिवस एकसारखे सपाट जातात. पैशांचा खणखणाट केवढा चैतन्यदायी असतो ही गोष्ट सगळ्यात जास्त जाणवते ती बाजाराच्या एका दिवसामुळे.

गावातला शनिवारचा बाजार हा एकेकाळी आमच्या पंचक्रोशीच्या अर्थव्यवस्थेचा मूलाधार होता. बाहेरगावाहून येऊन असंख्य व्यापारी चहूबाजूंनी मजबूत लोखंडी खुंट्या ठोकून आपापली पालं उभी करत. भाजीपाला, गावरान तंबाखूची मोठमोठी पानं, शिगोशिग भरलेल्या कळीदार चुन्याच्या टोपल्या, शेवचिवडा, गोडीशेव-बर्फी, कढईत अखंड उकळत असलेल्या चरचरीत भज्यांपासून थेट सोन्याचांदीच्या



दागिन्यांच्या दुकानांपर्यंतची पालं. मध्येच कापडाच्या दुकानांची, वही-पेन आणि शिट्ट्या-खुळखुळे, स्नो-पावडरचे डबे आणि रिबिना असं काय वाट्टेल ते सामान असलेली दुकानं. हे सगळे दुकानदार त्यांची लहानमोठी गाठोडी घेऊन सहसा सकाळच्या दोन-तीन एसट्यांमधून गावात उतरत. कुणी बैलगाड्यांतून. दादामिया नावाचा एक जण तर चक्क उंटावर बसून येई. त्याचं चपलाबुटांचं दुकान असे. सकाळी दहा-अकराच्या आत गावात येऊन लगोलग दुकानं उभी करत. त्यांना गिऱ्हाईकांची वाट बघत बसावं लागायचं नाही. गावाबाहेरून येणाऱ्या वाड्यांच्या धूळवाटा माणसांनी भरभरून येत राहत. लोक निवांतपणे बाजारात फिरत आणि काहीतरी विकून काहीतरी खरेदी करत. गावकरी माणसांनी विकायच्या वस्तूंमध्ये कोंबड्या, शेळ्या आणि कधीकधी गायी-बैल-म्हशी असत. जनावरांच्या बाजाराला ग्रामपंचायतीने एक स्वतंत्र कोपरा दिलेला होता.

अखंड दिवसभर बाजारात दुकानं, माणसं आणि पैसा ओसंडून वाहत राही. सांजेशी बाजार उलगतो. उरलेल्या सामानाची बांधाबांध करून पालं उखडली जातात. बाजारकरू माणसं गाठोडी डोईवर घेऊन जलदीने चालत पुन्हा आपापल्या वाड्या जवळ करतात. अर्थात आता चित्र बदललं आहे. चालत येणारी माणसं सरली. फटफट्या-टमटम-टेम्पोची उदंड गर्दी असते आता. बैलगाड्या दिसत नाहीत. बाजाराचं चित्र आठवलं की लगेचच उंटावर बसून मनात प्रकटणारा दादामिया कुठे गेला, कुणास ठाऊक. आता ॲमेझॉन आणि फ्लिपकार्टचे बोजे घेऊन मालवाहू पोरं येतात गावात. सरकारी लाडक्या बहिणी घरबसल्या मोबाइलवरून काहीबाही 'ऑर्डर' करताना दिसतात.

बाजार सरून गेल्यावर रात्री उशिरा काही गरीब बाजाराच्या पटांगणावर शोधक नजरेने हिंडताना दिसतात. त्यांना तिथे दिवसभरात बाजारकरू लोकांनी हरवलेली नाणी सापडतात. शनिवारी रात्री उशिरा काळोखात बाजाराचं पटांगण एकदम अनाथ दिसायला लागतं.

majhegaane@gmail.com

हे पत्र लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेडच्या वतीने मुद्रक व प्रकाशक **बालाजी मुळे** यांनी प्लॉट नं. ए - ८१८ इंडस्ट्रियल एरिया, एम.आय.डी.सी., महापे, नवी मुंबई येथे मुद्रित करून 'लोकमत', पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई कार्यालय - ४००७०५ येथून प्रसिद्ध केले. ● दूरध्वनी क्र : ०२२ ४६०४१७८४
● **मुंबई कार्यालय :** लोकमत मीडिया प्रा. लिमिटेड, तिसरा मजला, पारिजात हाउस, प्लॉट नं. १०७६, आपटे इंडस्ट्रियल इस्टेट, लक्ष्मीनरसिंग पपन मार्ग, डॉ. ई मोझेस रोडसमोर, गांधीनगर, वरळी, मुंबई, ४०००१८. ● दूरध्वनी क्र : ०२२- ४६०३५९३०, ०२२- ४७५०७९४६ ● **ठाणे कार्यालय :** वेस्टर्न व्ह्यू, श्री गजानन महाराज चौक, वारकरी भवनाजवळ, ठाणे, फोन : २५४४१९०५, २५३८१७७४ ● **नवी मुंबई कार्यालय :** पृथ्वी पार्क, सेक्टर ३०, सानपाडा, नवी मुंबई ४००७०५. फोन : ०२२ ४६०४१७८४ ● संस्थापक संपादक : **स्व. जवाहरलाल दर्डा** ● मानद संपादिका : **श्रीमती उषाताई दर्डा** ● चेअरमन, एडिटोरियल बोर्ड : **डॉ. विजय दर्डा** ● एडिटर इन चिफ : **राजेंद्र दर्डा** ● समूह संपादक : **विजय बाविस्कर**
● संपादक : **अतुल कुलकर्णी*** (*पी. आर. बी. कायद्यानुसार संपादकीय जबाबदारी यांची आहे.) 'लोकमत'मधील लेखांचे हक्क राखून ठेवले आहेत. लोकमत ® हे चिन्ह लोकमत मीडिया प्रायव्हेट लि. चे. व्यापारचिन्ह आहे.

## चिंतन

# अडियल रुख ने खटाई में डाली शांति वार्ता

अमेरिका और ईरान के अडियल रुख ने पश्चिम एशिया वार्ता को एक बार फिर खटाई में डाल दिया है। मुश्किल यह है कि दोनों ही देश खुद को जीता हुआ दिखाना चाहते हैं। यह वार्ता जब कुछ आगे बढ़ती है तो दोनों ही देशों के रुख के कारण जल्द ही ठप हो जाती है। एक माह से भी अधिक समय हो गया है। छिटपुट घटनाओं को छोड़ दें तो दोनों ही देश युद्ध विराम पर सहमत हैं, लेकिन मुश्किल होर्मुज को लेकर है, जिसकी वजह से पूरी दुनिया ऊर्जा संकट से जूझ रही है। भारत समेत कई देशों में ऊर्जा संकट बढ़ने से पेट्रोल, डीजल और गैस के दाम बढ़ रहे हैं। धीरे-धीरे इसका प्रभाव और बढ़ता जा रहा है। इसके कारण पूरी दुनिया परेशान है। क्रूड की कीमतें अभी उच्चस्तर पर बनी हुई हैं। आपूर्ति संकट ने चालू बाजार में तेल की कीमतें बढ़ाई हुई हैं। ऐसा नहीं है कि पेट्रोल डीजल की बढ़ी कीमतों से अमेरिका को नुकसान नहीं हो रहा है। अमेरिका में पेट्रोल (गैसोलीन) की वर्तमान राष्ट्रीय औसत कीमत लगभग 4.39 डॉलर प्रति गैलन (लगभग 96 रुपये प्रति लीटर) हैं। पश्चिम एशिया एक बार फिर ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां युद्ध और शांति के बीच की दूरी बेहद कम दिखाई दे रही है। अमेरिका और ईरान के बीच जारी तनाव ने न केवल क्षेत्रीय स्थिरता को प्रभावित किया है, बल्कि पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और ऊर्जा सुरक्षा को भी चुनौती के सामने खड़ा कर दिया है। पिछले एक महीने से अधिक समय से दोनों देशों के बीच प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष वार्ताओं का दौर चल रहा है, लेकिन ठोस नतीजे सामने नहीं आ पाए हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह दोनों पक्षों का अडियल रवैया और अपनी-अपनी शर्तों पर समझौता कराने की जिद है। हालांकि हाल के सप्ताहों में बड़े सैन्य टकराव नहीं हुए हैं और दोनों देश युद्धविराम जैसे माहौल को बनाए रखने में सफल रहे हैं, लेकिन इससे स्थायी शांति की उम्मीद नहीं बंधती। असली विवाद होर्मुज जलडमरूमध्य और उससे जुड़े सुरक्षा तथा आर्थिक मुद्दों को लेकर है। दुनिया के कुल समुद्री तेल व्यापार का बड़ा हिस्सा इसी मार्ग से होकर गुजरता है। ऐसे में यहां किसी भी प्रकार का तनाव वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करता है। वर्तमान संकट का असर पहले ही अंतरराष्ट्रीय बाजार में दिखाई दे रहा है, जहां कच्चे तेल की कीमतें ऊंचे स्तर पर बनी हुई हैं। ऊर्जा संकट का सबसे अधिक प्रभाव विकासशील देशों पर पड़ रहा है। भारत जैसे आयात-निर्भर देशों में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की कीमतों पर दबाव बढ़ा है। परिवहन लागत बढ़ने से महंगाई का खतरा भी बढ़ जाता है, जिसका असर आम लोगों की जेब पर पड़ता है। यही कारण है कि यूएस-ईरान तनाव अब केवल दो देशों का द्विपक्षीय मुद्दा नहीं रह गया है, बल्कि यह वैश्विक आर्थिक स्थिरता का प्रश्न बन चुका है। वहीं, अमेरिका में नवंबर में होने वाले चुनाव से पहले ही राष्ट्रपति ट्रंप अपनी पार्टी रिपब्लिकन को जीत की खबर देना चाहते हैं। वहीं ईरान के साथ वार्ता का जोखिम भरा बिंदु भी है। ट्रंप हर प्रस्ताव को इसी पैमाने पर तौलते हैं। उन्हें हर बार इसके लिए कुछ और चाहिए होता है, जिसके कारण हर बार वार्ता खटाई में पड़ जाती है। देखा जाए तो ट्रंप जैसा समझौता चाहते हैं वैसे में सहमति बनने में कई माह लग सकते हैं। अब सबसे पहले होर्मुज और जरूरी मुद्दों पर सहमति बनाकर हालात सामान्य किए जाएं। इसके बाद समय लेकर जटिल मुद्दे सुलझाएं जाएं तो यह काफी हद तक तर्कसंगत हो सकता है।



## मुद्दा
मनोज कुमार अग्रवाल

# जहरीली मानसिकता कहां से जन्म ले रही

देश में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है। पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भी भय नहीं है। हाल ही में गाजियाबाद के खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी।

देश के कई इलाकों में जिस तरह की सांप्रदायिक नफरत और प्रतिशोध से भरी वारदातें सामने आती हैं उस से लगता है कि इन वारदातों के पीछे कोई ऐसी पूरी सुनियोजित साजिश रहती है जो नफरत और खूनी दरिंदगी भरी मानसिकता का बीजारोपण करती है पिछले कुछ समय में राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली और इस से सटे उत्तर प्रदेश के गाजियाबाद जिले में ऐसी कई बर्बरता भरी वारदातों को अंजाम दिया जा चुका है, जिनसे लगता है कि कानूनी सख्ती के बावजूद दरिंदों में पुलिस और कानून का रंचमात्र भय नहीं है। ताजा घटनाक्रम में गाजियाबाद से एक बेहद सनसनीखेज और कलेजा कंपा देने वाला मामला सामने आया है। यहां खोड़ा थाना क्षेत्र में बकरीद के दिन एक 17 वर्षीय हिंदू किशोर, सूर्या चौहान की उसके ही पूर्व परिचित मुस्लिम दोस्तों ने बेरहमी से चाकुओं से गोदकर हत्या कर दी। इस खौफनाक वारदात को अंजाम देने से ठीक पहले कट्टरपंथी हमलावरों ने पीड़ित से पूछा, "क्या तुमने कभी बकरा हलाल होते देखा है? आज तुझे दिखाते हैं।" आरोप है कि यह कहते ही उन्होंने सूर्या पर ताबड़तोड़ चाकुओं से हमला कर दिया। नोएडा के फोर्टिस अस्पताल में इलाज के दौरान तड़प-तड़प कर इस हिंदू लड़के ने दम तोड़ दिया। पुलिस की प्राथमिकी इस पूरी खौफनाक साजिश की गवाही दे रही है। पुलिस ने रविवार के तड़के मुख्य आरोपी असद को मुठभेड़ में ढेर कर दिया है इस से पहले 3 नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया और 2 संदिग्धों को हिरासत में लिया गया।

बता दें मृतक सूर्या चौहान मूल रूप से एटा का रहने वाला था। वह नवनीत विहार, खोड़ा में अपनी मां, बड़े भाई यश चौहान और छोटी बहन के साथ रहता था। उसके पिता कौशलेंद्र की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। सूर्या 11वीं कक्षा का छात्र था। जानकारी के मुताबिक, करीब 8 महीने पहले सूर्या का पड़ोस में रहने वाले असद नाम के युवक से किसी बात पर मामूली विवाद हुआ था। इसी पुरानी रंजिश का बदला लेने के लिए असद ने बकरीद के पवित्र दिन को चुना। 28 मई की दोपहर को असद ने सूर्या को फोन किया। उसने सूर्या को बकरीद की पार्टी के बहाने मिलने के लिए चौधरी स्कूल के पास वाली गली नंबर 2 में बुलाया। सूर्या अपने दोस्त आयुष और विक्की के साथ असद से मिलने पहुंचा था। विक्की और आयुष ने आंखों देखा हाल बताते हुए बेहद चौंकाने वाला खुलासा किया। विक्की ने बताया कि जैसे ही वे गली में पहुंचे, वहां पहले से ही असद, नवाब, फरहान, आतिफ और सारिक समेत 5 से 6 मुस्लिम युवक हथियारों के साथ घात लगाकर बैठे थे बताया जा रहा है कि आते ही उन्होंने सूर्या को चारों तरफ से दबोच लिया। इसके बाद उन्होंने सांप्रदायिक और हिंसक टिप्पणी करते हुए पूछा कि क्या कभी बकरा हलाल होते देखा है? चश्मदीदों के मुताबिक, आरोपितों ने चिल्लाते हुए कहा कि आज बकरीद है और आज कुर्बानी इस हिंदू लड़के की देंगे। यह कहते ही सभी आरोपितों ने सूर्या पर बड़े चाकुओं से हमला बोल दिया। उन्होंने सूर्या के पेट, सीने और शरीर के अन्य हिस्सों पर ताबड़तोड़ कई वार किए। हमला




इतना बर्बर था कि चाकुओं की गोदने की वजह से सूर्या की आंतें तक बाहर आ गईं। मौके पर चीख-पुकार और शोर मच गया। खोड़ा नगर पालिका की पूर्व अध्यक्ष रीना भाटी और विभिन्न हिंदू संगठनों के लोग तुरंत मौके पर जमा हो गए मृतक के भाई यश चौहान द्वारा दी गई तहरीर जानलेवा हमला कर हत्या करने के प्रयास के संबंध में दर्ज कराई गई थी। प्रार्थना पत्र में कहा गया है कि 28 मई को दोपहर करीब 3:30 बजे शिकायतकर्ता का भाई सूर्या अपने दोस्त आयुष (पुत्र मनोज भारती, निवासी नवनीत विहार, खोड़ा) के साथ जा रहा था। तभी खोड़ा की शर्मा डेरी वाली गली में लोकप्रिय विहार का रहने वाला अशद (पुत्र नवाब) मिला। अशद ने अचानक सूर्या के साथ गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया और फिर जान से मारने की नीयत से उसके पेट में चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस जानलेवा हमले में सूर्या गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसके बाद उसे इलाज के लिए नोएडा के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से इस मामले में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। घटना स्थल पर मौजूद हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं में इस हत्या को लेकर गहरा आक्रोश है। उन्होंने योगी सरकार और स्थानीय प्रशासन से माँग की है कि सभी फरार आरोपितों को जल्द से जल्द पकड़ा जाए। हिंदू समाज का कहना है कि यह केवल दो गुटों की लड़ाई नहीं, बल्कि बहुसंख्यक समाज की सुरक्षा पर सीधा प्रहार है। विभिन्न संगठनों ने चेतावनी दी है कि यदि मुख्य आरोपित असद समेत सभी दोषियों के घरों पर तुरंत बुलडोजर नहीं चलाया गया और उन्हें सख्त सजा नहीं मिली, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। फिलहाल पुलिस स्थिति को नियंत्रण में बता रही है और मुख्य आरोपित की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। यूपी के गाजियाबाद और इस से सटे राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के आस-पास के क्षेत्रों में हत्या के कुछ हालिया मामलों में मुस्लिम समुदाय से जुड़े आरोपियों के नाम सामने आए हैं। हालांकि, पुलिस जांच और आधिकारिक रिपोर्टों में इन घटनाओं को सुनियोजित या समुदाय-विशिष्ट घृणा के बजाय मुख्य रूप से आकस्मिक विवादों, पुरानी दुश्मनी या आपसी रंजिश का परिणाम बताया गया है। दो माह पहले जेजे कालोनी उत्तम नगर की नृशंसता भरी वारदात याद होगी यहां हिन्दू त्योहार होली के दिन रंग-बिरंगे पानी के छींटे पड़ने और गुब्बारा लगने को लेकर दो समुदाय से जुड़े परिवारों के बीच विवाद हुआ था। इस घटना में 26 वर्षीय तरुण कुमार की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने इस मामले में हत्या का केस दर्ज कर कई आरोपियों को गिरफ्तार किया था। इसी दिन यानि होली के दिन ही सिगरेट के विवाद में सूरज नामक 26 वर्षीय हिंदू युवक की हत्या कर दी गई। पुलिस ने इस मामले में सादिक नामक आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की। सवाल यह है कि इस तरह की दरिंदगी और बर्बरता की सोच को कौन उकसा रहा है? बकरीद से दो दिन पहले ही गाजियाबाद से सटे हापुड़ जनपद के पिलखुवा में एक शनिदेव प्रतिमा को एक समुदाय विशेष के एक जेहादी ने तोड़ दिया बाद में सीसीटीवी कैमरे के जरिए मिले सबूत से पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। इन दिनों सोशल मीडिया पर भी मनमानी घृणा और विद्वेष की बातें बहुलता से वायरल हो रहीं हैं यह एक स्वस्थ समाज की संरचना को तोड़ रहा है और परस्पर जहरीली सोच तैयार कर रहा है सरकार को गंभीरता से सख्त कदम उठाने चाहिए और इस जहर की फसल को बीजनाश करनी चाहिए।

*( लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## मंथन
नृपेन्द्र अभिषेक नृप



# क्या सुरक्षित हैं हमारी राष्ट्रीय परीक्षाएं?

देश में इन दिनों एक बार फिर राष्ट्रीय परीक्षाओं की विश्वसनीयता चर्चा के केंद्र में है। पहले नीट-यूजी के प्रश्नपत्र लीक और परीक्षा प्रबंधन को लेकर उठे विवादों ने लाखों विद्यार्थियों और अभिभावकों को चिंतित किया था। इसके बाद सीबीएसई की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में तकनीकी गड़बड़ियों की खबरें सामने आईं। अब विश्वविद्यालयों में प्रवेश के लिए आयोजित की जाने वाली सीयूईटी-यूजी परीक्षा में तकनीकी समस्याओं और परीक्षा केंद्रों पर अव्यवस्थाओं ने इस चिंता को और गहरा कर दिया है। इन घटनाओं ने केवल कुछ परीक्षाओं की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न नहीं लगाया है, बल्कि उस पूरे तंत्र की विश्वसनीयता को चुनौती दी है, जिस पर करोड़ों युवाओं के सपने और भविष्य आधारित हैं। आज प्रश्न केवल यह नहीं है कि किसी परीक्षा में तकनीकी त्रुटि क्यों हुई, बल्कि यह है कि क्या भारत की परीक्षा व्यवस्था तेजी से बदलती तकनीकी दुनिया के अनुरूप स्वयं को पर्याप्त रूप से तैयार कर पा रही है। भारत को युवाओं का देश कहा जाता है। यहां हर वर्ष करोड़ों विद्यार्थी विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में भाग लेते हैं। इन परीक्षाओं का महत्व केवल नौकरी या प्रवेश तक सीमित नहीं होता, बल्कि ये सामाजिक गतिशीलता, अवसरों की समानता और प्रतिभा के सम्मान का माध्यम भी होती हैं। ऐसे में जब किसी परीक्षा की निष्पक्षता पर संदेह उत्पन्न होता है, तो उसका प्रभाव केवल परिणामों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि यह युवाओं के मनोबल, व्यवस्था के प्रति विश्वास और लोकतांत्रिक संस्थाओं की साख पर भी पड़ता है। यही कारण है कि हाल के वर्षों में बार-बार सामने आ रही परीक्षा संबंधी समस्याएं एक गंभीर राष्ट्रीय चिंता का विषय बन गई हैं। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) की स्थापना वर्ष 2017 में इस उद्देश्य से की गई थी कि देश की प्रमुख प्रवेश परीक्षाओं का संचालन अधिक पेशेवर, पारदर्शी और त्रुटिरहित ढंग से किया जा सके। इसके माध्यम से जेईई, नीट, सीयूईटी जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाओं को एक सुव्यवस्थित ढांचे के अंतर्गत लाने का प्रयास किया गया। प्रारंभिक वर्षों में यह व्यवस्था अपेक्षाकृत सफल भी दिखाई दी। डिजिटल तकनीक के उपयोग, ऑनलाइन परीक्षाओं और केंद्रीकृत प्रबंधन ने प्रक्रिया को आधुनिक बनाने में मदद की। किंतु समय के साथ अनेक विवादों और तकनीकी चुनौतियों ने यह संकेत दिया कि केवल संस्थागत ढांचा बनाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि उसकी कार्यकुशलता और जवाबदेही भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। सीयूईटी-यूजी परीक्षा में सामने आई तकनीकी समस्याएं इसी व्यापक संकट का हिस्सा हैं। कई केंद्रों पर सर्वर संबंधी दिक्कतें, कंप्यूटरों की खराबी, लॉगिन में विलंब तथा परीक्षा संचालन में बाधाएं देखने को मिलीं। डिजिटल परीक्षा प्रणाली का मूल उद्देश्य मानवीय त्रुटियों को कम करना और प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी बनाना था, लेकिन जब तकनीक स्वयं समस्या का कारण बन जाए तो विद्यार्थियों के लिए यह दोहरी चुनौती बन जाती है। परीक्षा के दौरान कुछ मिनटों का व्यवधान भी किसी अभ्यर्थी के प्रदर्शन को प्रभावित कर सकता है। ऐसे में यह प्रश्न स्वाभाविक है कि क्या तकनीकी अवसंरचना को पर्याप्त रूप से परखा और मजबूत किया गया था। समस्या का दूसरा महत्वपूर्ण आयाम परीक्षा के बढ़ते डिजिटलीकरण से जुड़ा है। डिजिटल तकनीक निस्संदेह आधुनिक परीक्षा प्रणाली की आवश्यकता है, किंतु इसके साथ अनेक जोखिम भी जुड़े हैं। साइबर सुरक्षा, डेटा संरक्षण, सर्वर क्षमता, नेटवर्क स्थिरता और आपदा प्रबंधन जैसी चुनौतियां लगातार बढ़ रही हैं। भारत जैसे विशाल देश में, जहां लाखों विद्यार्थी एक साथ परीक्षा देते हैं, वहां किसी भी तकनीकी विफलता का प्रभाव बहुत व्यापक हो सकता है। इसलिए केवल तकनीक अपनाना पर्याप्त नहीं है; उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण उसका सुरक्षित, विश्वसनीय और निरंतर परीक्षण किया हुआ होना है। नीट, सीबीएसई या सीयूईटी जैसे विवाद केवल अलग-अलग घटनाएं नहीं हैं। ये उस गहरे संस्थागत संकट के संकेत हैं, जो परीक्षा प्रणाली के विभिन्न स्तरों पर मौजूद कमजोरियों को उजागर कर रहे हैं। आवश्यकता केवल तात्कालिक संकट प्रबंधन की नहीं, बल्कि दीर्घकालिक संरचनात्मक सुधारों की है। ऐसी परीक्षा व्यवस्था का निर्माण करना होगा जिसमें तकनीक सहायक बने, बाधा नहीं; प्रशासन जवाबदेह हो, उदासीन नहीं; और सबसे बढ़कर, विद्यार्थियों को यह विश्वास हो कि उनकी सफलता का आधार केवल उनकी प्रतिभा, परिश्रम और योग्यता है। जब यह विश्वास स्थापित होगा, तभी परीक्षा वास्तव में ज्ञान और क्षमता की परीक्षा होगी, न कि व्यवस्था पर भरोसे की।

*( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)*

# शिव कोई नाम नहीं है



संकलित
## दर्शन

मनुष्य की प्रकृति को समझने, हर तरह के मनुष्य के लिए एक रास्ता खोजने के अर्थ में, यह वाकई एक शाश्वत या हमेशा बना रहने वाला योगदान है। यह उस युग का या उस युग के लिए योगदान नहीं है। सृष्टि का अर्थ है कि जो कुछ नहीं था, वह एक-दूसरे से मिलकर कुछ बन गया। उन्होंने इस सृष्टि को खोलकर एक शून्य की स्थिति में लाने का तरीका खोजा। इसीलिए हमने उन्हें शिव नाम दिया। इसका अर्थ है 'वह जो नहीं है'। जब 'वह जो नहीं है', कुछ या 'जो कुछ है' बन गया, तो हमने उस आयाम को ब्रह्म कहा। शिव को यह नाम इसलिए दिया गया, क्योंकि उन्होंने एक तरीका, एक विधि नहीं, बल्कि हर संभव तरीका बताया कि चरम मुक्ति को कैसे पाएं, जिसका अर्थ है, कुछ से कुछ नहीं तक जाना। शिव कोई नाम नहीं हैं, वह एक वर्णन है। जैसे यह कहना कि कोई डाक्टर है, वकील है या इंजीनियर है, हम कहते हैं कि वह शिव हैं, जीवन को शून्य बनाने वाले। इसे जीवन के विनाशकर्ता के रूप में थोड़ा गलत समझ लिया गया, लेकिन वह भी सही है। बात मात्र यह है कि जब आप 'विनाशकर्ता' शब्द का इस्तेमाल करते हैं, तो लोग उसे बुरा समझ लेते हैं। अगर किसी ने 'मुक्तिदाता' कहा होता तो उसे अच्छा माना जाता। धीरे-धीरे 'शून्य करने वाला', 'विनाशकर्ता' बन गया और लोग यह सोचने लगे कि वह बुरे हैं। आप उन्हें कुछ भी कहिए, उन्हें कोई फर्क नहीं पड़ता- बुद्धिमत्ता की प्रकृति यही है। अगर आपकी बुद्धिमत्ता एक ऊंचाई पर पहुंच जाती है, तो आपको किसी नैतिकता की जरूरत नहीं होगी।

# जीवन में गुरु की आवश्यकता क्यों?



संकलित
## प्रेरणा

एक गाय घास चरने के लिए एक जंगल में चली गई। शाम ढलने के करीब थी। उसने देखा कि एक बाघ उसकी तरफ दबे पांव बढ़ रहा है। वह डर के मारे इधर-उधर भागने लगी। वह बाघ भी उसके पीछे दौड़ने लगा। दौड़ते हुए गाय को सामने एक तालाब दिखाई दिया। घबराई हुई गाय उस तालाब के अंदर घुस गई। वह बाघ भी उसका पीछा करते हुए तालाब के अंदर घुस गया। तब उन्होंने देखा कि वह तालाब बहुत गहरा नहीं था। उसमें पानी कम था और वह कीचड़ से भरा हुआ था। उन दोनों के बीच की दूरी काफी कम हुई थी। लेकिन अब वह कुछ नहीं कर पा रहे थे। वह गाय उस किचड़ के अंदर धीरे-धीरे धंसने लगी। वह बाघ भी उसके पास होते हुए भी उसे पकड़ नहीं सका। वह भी धीरे-धीरे कीचड़ के अंदर धंसने लगा। दोनों भी करीब करीब गले तक उस कीचड़ के अंदर फस गए। दोनों हिल भी नहीं पा रहे थे। गाय के करीब होने के बावजूद वह बाघ उसे पकड़ नहीं पा रहा था। थोड़ी देर बाद गाय ने उस बाघ से पूछा, क्या तुम्हारा कोई गुरु या मालिक है? बाघ ने गुर्राते हुए कहा, मैं तो जंगल का राजा हूं। मेरा कोई मालिक नहीं। मैं खुद ही जंगल का मालिक हूं। गाय ने कहा, लेकिन तुम्हारे उस शक्ति का यहां पर क्या उपयोग है? उस बाघ ने कहा, तुम भी तो फस गई हो और मरने के करीब हो। तुम्हारी भी तो हालत मेरे जैसी है। गाय ने मुस्कुराते हुए कहा, बिलकुल नहीं। मेरा मालिक जब शाम को घर आएगा और मुझे वहां पर नहीं पाएगा तो वह ढूंढते हुए यहां जरूर आएगा और मुझे इस कीचड़ से निकाल कर अपने घर ले जाएगा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### प्रदूषण व जमाखोरी से देश को बचाएंगे पॉलीमर नोट

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा देश में प्लास्टिक अर्थात पॉलीमर नोटों को प्रचलन में लाने की दिशा में किए जा रहे प्रयास न केवल भारतीय मुद्रा व्यवस्था के आधुनिकीकरण की ओर एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण तथा नकली मुद्रा पर प्रभावी नियंत्रण की दृष्टि से भी ऐतिहासिक साबित हो सकते हैं। यदि यह योजना व्यापक स्तर पर लागू होती है, तो इसके दूरगामी सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं। आरबीआई पिछले एक दशक से पॉलीमर नोटों के प्रचलन की संभावनाओं पर विचार कर रहा है और इस परियोजना पर निरंतर कार्य भी किया जा रहा है। इसके अंतर्गत नोट छापने वाली इकाइयों से लेकर एटीएम मशीनों तक को नई व्यवस्था के अनुरूप तैयार करने की दिशा में प्रयास किए गए हैं। *– संतोष वर्मा, दुर्ग*

## ट्रेंड

### जहां जरूरी होगा कार्रवाई करेंगे



जमीन, भूमि एवं विकास कार्यालय (एल एंड डीओ) की एक विशेषता है। स्वतंत्रता से पहले भी एल एंड डीओ को जमीन हस्तांतरित की जाती रही है। चूंकि उस समय दिल्ली में राज्य सरकार नहीं थी, इसलिए केंद्र सरकार जमीन की मालिक बनी। अब जहां जरूरी होगा कार्रवाई की जाएगी। **-मनोहर लाल,** केंद्रीय मंत्री

### मैं जनता का पहला सेवक



मेरी राजनीति भी मेरे सूट की तरह ब्लैक एंड व्हाइट होगी। ये रंग साफ सोच और बिना किसी भ्रम के फैसले लेने का संदेश देते हैं। इतने सालों से आपको धोखा देने वालों को छोड़कर आपने भाई को चुना। मैं खुद को मुख्यमंत्री नहीं, बल्कि जनता का पहला सेवक मानता हूं। **-विजय थलापति,** सीएम, तमिलनाडु

### राज्य में अराजकता फैली



कुछ विधायकों और सांसदों को डराने-धमकाने या रिश्वत देकर टीएमसी को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है। जो लोग टीएमसी छोड़कर गए हैं, उनके जाने से पार्टी का भला ही हुआ है। राज्य में अराजकता पूरी तरह से फैली हुई है। **-ममता बनर्जी,** पूर्व सीएम, बंगाल

### रोजगार के लिए कदम उठा रहे



मेरा सपना गरीबी-मुक्त समाज देखना है। मैं हमेशा बुनियादी जरूरतों को पूरा करने के बारे में सोचता हूं। विभिन्न श्रेणियों के तहत दी जाने वाली पेंशन बढ़ाकर 15,000 रुपये प्रतिमाह तक कर दी है। सरकार रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए कदम उठा रही है। **-एन. चंद्रबाबू नायडू,** सीएम, आंध्र प्रदेश

## करंट अफेयर

# ब्रिटेन में भारतीय कर्मी को बकाया वेतन देने का आदेश

ब्रिटेन में रोजगार न्यायाधिकरण ने भारतीय देखभाल कर्मी को 28,000 पाउंड से अधिक की बकाया मजदूरी और अवकाश वेतन देने का आदेश दिया है। न्यायाधिकरण ने पाया कि भारतीय कर्मी को काम दिलाने की जिम्मेदारी लेने वाली कंपनी उसे काम नहीं दिला सकी। दरअसल 33 वर्षीय शाबिन शाजी स्वास्थ्य एवं देखभाल कर्मी वीजा के तहत ब्रिटेन पहुंचा था। उसने स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में नौकरी के लिए स्वान केयर सॉल्यूशंस लिमिटेड से आवश्यक 'स्पॉन्सरशिप' प्रमाणपत्र प्राप्त किया था। शाजी ने हाल ही में बर्मिंघम के रोजगार न्यायाधिकरण को बताया कि 'स्पॉन्सर' कंपनी ने न तो उन्हें कोई काम दिया और न ही वेतन का भुगतान किया, जो कि वेतन में अनधिकृत कटौती के समान है।



रोजगार न्यायाधीश एडमंड्स ने अपने फैसले में कहा, दावेदार (शाजी) को यह साबित करना था कि उन्हें निर्धारित वेतन का भुगतान नहीं किया गया। मैंने पाया है कि दावेदार 15 अप्रैल 2023 से 21 अप्रैल 2024 तक कंपनी का कर्मचारी था। उसके अनुबंध में सप्ताह 40 घंटे कार्य और 22,880 पाउंड वार्षिक सकल वेतन का प्रावधान था। उन्होंने कहा, इस अवधि के दौरान दावेदार अपने काम के लिए तैयार, इच्छुक और सक्षम था। वह केवल इसलिए काम नहीं कर पाया क्योंकि प्रतिवादी (कंपनी) ने उसे काम उपलब्ध नहीं कराया।

## ऑफ बीट

# कपड़े धोने के पाउडर, तरल डिटर्जेंट में क्या अंतर है?

कपड़े धोने के पाउडर और तरल पदार्थ दोनों में सक्रिय तत्व 'सर्फेक्टेंट' होते हैं, जिन्हें डिटर्जेंट (उत्पाद का नाम) के रूप में भी जाना जाता है। ये आम तौर पर आवेशित या 'आयनिक' अणु होते हैं जिनकी संरचना में दो अलग-अलग भाग होते हैं। एक भाग पानी के साथ और दूसरा भाग तेलीय कणों के साथ क्रिया करता है। यह उपयोगी गुण सर्फेक्टेंट को कपड़ों से ग्रीस और गंदगी को हटाने और पानी के जरिए निकालने की अनुमति देता है। सर्फेक्टेंट बुलबुले भी बना सकते हैं। आपके पानी में घुले धातु के लवण सर्फेक्टेंट के प्रदर्शन को सीमित कर सकते हैं। तथाकथित खारे पानी में बहुत सारे घुले हुए कैल्शियम और मैग्नीशियम लवण होते हैं जो आसानी से साबुन का मैल बना सकते हैं। इसलिए कपड़े धोने के आधुनिक डिटर्जेंट में साबुन के मैल को बनने से रोकने के लिए फॉस्फेट और पानी से कठोर धातुओं को हटाने वाले तत्व होते हैं। कई उत्पादों में 'ऑप्टिकल ब्राइटनर' भी होते हैं। ये रसायन पराबैंगनी प्रकाश को अवशोषित करते हैं और नीली रोशनी छोड़ते हैं, जो सफेद रंग को और सफेद या चमकदार बनाता है। कपड़े धोने के डिटर्जेंट में आम तौर पर सुगंध होती है। इस सुगंध के लिए भी रसायन का उपयोग किया जाता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

6 | संपादकीय
जनसत्ता | 2 जून, 2026

कल्पमेधा

*शिक्षा का यह मतलब नही है कि आपने कितना कुछ याद किया है, या यह कि आप कितना जानते हैं। इसका मतलब है कि आप जो जानते हैं और जो नही जानते हैं, उसमे अंतर कर पाएं।*

*– अनातोले फ्रांस*

# बदलाव के बजाय

पश्चिम बंगाल में चुनाव के नतीजे सामने आने के बाद हिंसक घटनाएं सामान्य हो चुकी हैं। मगर हाल ही में जब विधानसभा चुनावों के बाद व्यापक फेरबदल हुआ और भारतीय जनता पार्टी ने अपनी सरकार बनाई, तो इसे राज्य में एक बड़े बदलाव का उदाहरण बताया गया। वहां की जनता के बीच एक उम्मीद पैदा हुई कि अगर सत्ता में बदलाव आया है, तो संभवतः इसका असर सरकार के कामकाज से लेकर जमीनी स्तर पर आम लोगों के जीवन पर भी पड़े। मगर पहली बार भाजपा की सरकार बनने के बाद जो हालात दिख रहे हैं, उससे ऐसा लगता है कि वहां अराजक तत्त्वों को खुली छूट मिली हुई है, विपक्ष के नेताओं पर सीधे हमले हो रहे हैं और शासन उदासीन है। ऐसी अनेक घटनाएं सामने आई हैं, जिनमें एक तरह से बदले की भावना से विपक्षी दलों के नेताओं या उनके समर्थकों पर हमले हुए हैं और कानून-व्यवस्था लाचार है। इससे यह सवाल उठा है कि क्या राज्य के लोगों ने इसी तरह के हालात के लिए बदलाव के पक्ष में वोट दिया था। गौरतलब है कि पिछले दो दिनों के भीतर पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस के दो नेताओं, अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी पर लोगों की भीड़ ने पुलिस या सुरक्षा बलों की मौजूदगी में घातक हमला किया।

दरअसल, तृणमूल कांग्रेस के नेता और सांसद अभिषेक बनर्जी चुनाव के बाद हुई हिंसा के पीड़ित अपनी पार्टी के कार्यकर्ताओं से मिलने सोनारपुर दक्षिण पहुंचे थे। मगर आरोप के मुताबिक वहां भाजपा के कार्यकर्ताओं ने उन्हें घेर लिया और नारेबाजी करते हुए उनके साथ मारपीट की। एक अन्य घटना में तृणमूल कांग्रेस के एक और सांसद कल्याण बनर्जी पर भी हमला किया गया। गनीमत रही कि दोनों को किसी तरह भीड़ से निकाल लिया गया। मगर उन पर जिस तरह हमला किया गया, वह सभी पार्टियों के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। हैरानी की बात यह है कि लोकतंत्र की बहाली के जिस नारे के साथ चुनावों में जनता का समर्थन मांगा गया, सरकार बदलने के बाद अब वही लोकतंत्र बाधित होता दिख रहा है और राज्य सरकार अराजक तत्त्वों पर काबू पाने के बजाय सब कुछ अपने आप ठीक होने की उम्मीद कर रही है।

सवाल है कि चुनावी नतीजों के बाद राज्य में विपक्षी दलों के समर्थकों या कार्यकर्ताओं के सामने जैसे हालात पैदा हो रहे हैं, उनके नेताओं की गतिविधियों को जिस तरीके से बाधित किया जा रहा है, उसे किस कसौटी पर लोकतंत्र कहा जाएगा। अव्वल तो समूचे राज्य में कहीं भी प्रतिद्वंद्विता की वजह से हिंसक या एक दूसरे पर हमले की घटनाओं को पूरी तरह रोकने और किसी भी पार्टी का समर्थन करने वाले अराजक तत्त्वों के खिलाफ सख्ती बरतने के लिए पुलिस को स्पष्ट निर्देश देने की जरूरत है। फिर विपक्षी दलों के नेता अगर लोकतांत्रिक गतिविधियों के लिए जनता के बीच जाते हैं, तो उन्हें सुरक्षा मुहैया कराना सरकार का दायित्व है। पश्चिम बंगाल में चुनावों के नतीजे सामने आने के बाद प्रधानमंत्री ने कहा था कि अब राज्य में 'बदला नहीं, बदलाव' और 'भय नहीं, भविष्य' की बात होनी चाहिए। यों भी, अगर नई सरकार ने बदलाव का सपना दिखाया है, तो उसकी सबसे पहली जिम्मेदारी राज्य में हर स्तर पर लोकतांत्रिक माहौल को बहाल करना होना चाहिए। राज्य में कानून-व्यवस्था के मोर्चे पर अगर ऐसे हालात रहे कि विपक्ष को दबाने वाले तत्त्वों को खुली छूट दी गई, तो यह एक तरह से राज्य सरकार की सबसे बड़ी नाकामी होगी।

# लापरवाही की कीमत

दिल्ली में साकेत के पास एक इलाके में शनिवार को पांच मंजिला इमारत ढह जाने से पांच विद्यार्थियों सहित छह लोगों की मौत की खबर ने फिर यही साबित किया है कि सरकारी तंत्र के भीतर किस हद तक लापरवाही और गैरजिम्मेदारी का आलम पसरा हुआ है। इस घटना में कई लोग घायल भी हो गए। बचाव अभियान में चौदह लोगों को बाहर निकाला गया। इस हादसे से सबसे बड़ा सवाल यही उठता है कि जब यह हादसा हुआ, उस समय इमारत की ऊपरी मंजिल पर निर्माण कार्य किसकी अनुमति से हो रहा था। नियमों का उल्लंघन कर इसकी मंजूरी किस स्तर पर दी गई? हालांकि नगर निगम के दो अभियंताओं को निलंबित कर दिया गया है। इतने बड़े हादसे पर यह कार्रवाई बहुत छोटी है। कायदे से उन सभी पर कार्रवाई होनी चाहिए, जिन पर उस भवन के निर्माण और नक्शे की मंजूरी देने का जिम्मा था। मजिस्ट्रेट के स्तर पर जांच के बाद संबंधित अधिकारियों को छानबीन के घेरे में लाया जाना चाहिए।

मगर वास्तव में यह प्रशासन और नगर निकाय की लापरवाही का एक और ज्वलंत उदाहरण है। सवाल है कि इमारत जर्जर हो गई थी, तो संबंधित विभाग ने समय रहते इसे खाली क्यों नहीं कराया। अगर यह प्राथमिक कदम उठा लिया गया होता, तो एक बड़ा हादसा टल सकता था। कोई भी इमारत एक दिन में अचानक नहीं गिरती। उसमें संरचनात्मक कमजोरी धीरे-धीरे सामने आ रही होती है। साकेत में जो इमारत ढह गई, समय रहते उसके मालिक और नगर निगम के अभियंताओं ने सजगता क्यों नहीं बरती और निर्माण मानकों का उल्लंघन क्यों होने दिया गया। उस इमारत में अवैध निर्माण किए जाते रहे और अधिकारी आंखें मूंदे रहे, तो दरअसल यह आपराधिक लापरवाही है। साकेत में हुई घटना पूरी दिल्ली के लिए सबक होनी चाहिए। यहां कई व्यावसायिक और रिहाइशी इमारतें हैं जो भवन निर्माण की कसौटी पर खरी नहीं उतरतीं। पिछले दो-तीन दशकों में राजधानी में भवनों के निर्माण का जिस तरह व्यावसायीकरण हुआ है, उसके नतीजे सामने आने लगे हैं। जर्जर होती कोई इमारत कब ढह जाए, कहा नहीं जा सकता। अवैध और जर्जर इमारतों का पूरी दिल्ली में सर्वे और निरीक्षण होना चाहिए, ताकि समय रहते नागरिकों की जान बच सके।

# महंगी शिक्षा के बीच गुम होते सपने



**आय और शिक्षा के खर्च के बीच निरंतर बढ़ता अंतर अब एक ऐसी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक त्रासदी का रूप लेता जा रहा है, जो हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को दांव पर लगा रहा है।**

**रंजना मिश्रा**

किसी भी राष्ट्र की अर्थव्यवस्था का मुख्य इंजन उसका मध्यवर्ग होता है। भारत जैसे विशाल, विविधतापूर्ण और प्रगतिशील देश में मध्यवर्ग केवल करदाता या उपभोक्ता भर नहीं है, बल्कि समाज का वह सबसे जागरूक तथा संवेदनशील वर्ग है जो देश के उज्ज्वल भविष्य के सबसे ज्यादा सपने पालता है। एक आम मध्यवर्गीय नागरिक अपने जीवन में अनगिनत संघर्ष करता है, लेकिन उसकी सबसे बड़ी पूंजी उसकी आने वाली पीढ़ी होती है। यह निराशाजनक ही है कि तेजी से बदलते भारत में, यही मध्यवर्ग जटिल दोराहे पर खड़ा है, जहां एक ओर उसके पास अपने बच्चों के सुनहरे कल के लिए बुने गए अनगिनत सपने हैं, तो दूसरी ओर उन सपनों को धरातल पर उतारने के लिए आवश्यक आर्थिक संसाधनों का गहरा अकाल है। भारत की सामाजिक और आर्थिक संरचना की सबसे मजबूत रीढ़ माने जाने वाले इस वर्ग के लिए आज सबसे बड़ी चुनौती अपने बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दिलाना बन गई है। यह विडंबना ही है कि जिस शिक्षा को राष्ट्र निर्माण का सबसे मजबूत आधार और अज्ञानता को मिटाने वाला प्रकाश माना जाता था, वह आज विशुद्ध मुनाफे पर आधारित उद्योग में तब्दील हो चुकी है।

आज एक औसत मध्यवर्गीय परिवार की सीमित मासिक आय का एक बहुत बड़ा हिस्सा निजी स्कूलों की तिजोरियों में जा रहा है। इस बेतहाशा खर्च ने परिवार का पूरा आर्थिक और मानसिक संतुलन चरमरा दिया है। जमीनी हकीकत यही है कि आय और शिक्षा के खर्च के बीच निरंतर बढ़ता अंतर अब केवल एक आर्थिक समस्या नहीं रह गया, बल्कि यह एक ऐसी गहरी सामाजिक और मनोवैज्ञानिक त्रासदी का रूप लेता जा रहा है, जो दीमक की तरह चुपचाप हमारी आने वाली पीढ़ियों के भविष्य को निगल रही है।

निजी स्कूलों की फीस का ढांचा जटिल, भ्रामक और अपारदर्शी हो चुका है। बात अब केवल ट्यूशन फीस तक सीमित नहीं रह गई है। इसके साथ जुड़े कई अन्य शुल्क अभिभावकों की कमर तोड़ रहे हैं। निजी स्कूलों की मुनाफे वाली गतिविधियां केवल भारी-भरकम फीस की रसीद थमाने तक ही नहीं रुकी है। यह पूरी व्यवस्था अब बेहद संगठित तरीके से अभिभावकों का शोषण कर रही है। आज स्कूल प्रबंधन ही यह तय करता है कि बच्चों की किताबें किस विशिष्ट प्रकाशक की होंगी और वे शहर की किस दुकान से खरीदी जाएंगी। हर साल पाठ्यक्रम में मामूली फेरबदल कर या प्रकाशक बदल कर पुरानी किताबों के इस्तेमाल की संभावना को पूरी तरह खत्म कर दिया जाता है। स्कूल की वर्दियां, विशेष प्रकार के जूते-मोजे, स्कूल बैग और यहां तक कि मामूली स्टेशनरी भी तय दुकान से बाजार मूल्य से कई गुना ऊंचे दामों पर खरीदने का दबाव बनाया जाता है। अभिभावकों के पास न तो सवाल पूछने का अधिकार है, न मोलभाव करने की गुंजाइश और न ही किसी अन्य विकल्प को चुनने की स्वतंत्रता।

जब शिक्षा वास्तविक ज्ञान और अच्छे संस्कार देने के बजाय विशुद्ध रूप से उत्पाद बन जाती है, तो बच्चों के भीतर छिपी स्वाभाविक रचनात्मकता, मौलिकता



और जिज्ञासा नष्ट होने लगती है। उनकी जगह एक बेलगाम प्रतिस्पर्धा, बिना समझे रटने की प्रवृत्ति और हर समय दूसरों से आगे निकलने का भारी दबाव घर कर लेता है। आजकल के बच्चे छोटी उम्र में ही यह समझने लगते हैं कि उनकी शिक्षा के लिए उनके माता-पिता किस हद तक आर्थिक और मानसिक कष्ट झेल रहे

> **मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य आज उनकी प्रतिभा या कठिन परिश्रम पर उतना निर्भर नहीं है, जितना इस बात पर निर्भर हो गया है कि उनके माता-पिता की आर्थिक हैसियत क्या है। यह पूरी स्थिति हमारे समाज में एक बहुत ही खतरनाक और चौड़ी खाई पैदा कर रही है। एक तरफ समाज का वह छोटा-सा, लेकिन ताकतवर आभिजात्य वर्ग है जिसके बच्चों के पास उच्च स्तर की शैक्षिक सुविधा उपलब्ध है और दूसरी तरफ देश का वह विशाल मध्यवर्ग है, जिसके होनहार और प्रतिभाशाली बच्चों की प्रतिभा का दम उचित संसाधनों और धन की कमी की वजह घुट रहा है। शिक्षा के अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए पच्चीस फीसद आरक्षण की व्यवस्था की गई है, लेकिन व्यवहार में इससे बहुत उम्मीद नहीं की जा सकती।**

हैं। ऐसे में अपनी स्वाभाविक रुचि के विषयों को चुनने के बजाय वे उन डिग्रियों की तरफ भागने को मजबूर हो जाते हैं जो उन्हें जल्द से जल्द नौकरी का अवसर देते हों। इस तरह हमारा देश भविष्य के कई महान वैज्ञानिकों, विचारकों और नवोन्मेषकों को इसलिए खो रहा है, क्योंकि शिक्षा की लागत ने उनके सपनों के खुले आसमान को एक छोटे से आर्थिक पिंजरे में तब्दील कर दिया है।

मध्यवर्गीय परिवारों के बच्चों का भविष्य आज उनकी प्रतिभा या कठिन परिश्रम पर उतना निर्भर नहीं है, जितना इस बात पर निर्भर हो गया है कि उनके माता-पिता की आर्थिक हैसियत क्या है। यह पूरी स्थिति हमारे समाज में बहुत ही खतरनाक और चौड़ी खाई पैदा कर रही है। एक तरफ समाज का वह छोटा-सा, लेकिन ताकतवर आभिजात्य वर्ग है, जिसके बच्चों के पास उच्च स्तर की शैक्षिक सुविधा उपलब्ध है और दूसरी तरफ देश का वह विशाल मध्यवर्ग है, जिसके प्रतिभाशाली बच्चों का दम उचित संसाधनों और धन की वजह से घुट रहा है। शिक्षा का अधिकार कानून के तहत निजी स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लिए पच्चीस फीसद आरक्षण की व्यवस्था की गई है, लेकिन व्यवहार में इस पर अमल में जिस तरह की अड़चनें दिखती रही हैं, उसमें इससे बहुत उम्मीद नहीं की जा सकती।

इस पूरी त्रासदी का एक सबसे निराशाजनक पहलू हमारे सरकारी स्कूलों की बदहाली और उनकी खस्ताहाल व्यवस्था है। अगर आजादी के इतने दशकों बाद भी हमारी सरकारें स्कूल शिक्षा के उच्च मानकों को कायम कर पाने में सफल रहतीं, तो बहुत सारे भारतीय परिवार निजी स्कूलों के तंत्र की मनमानी का शिकार नहीं होते। सरकारी शिक्षा व्यवस्था की निरंतर विफलता, योग्य शिक्षकों की भारी कमी, बुनियादी ढांचे का अभाव और प्रशासनिक जवाबदेही की शून्यता ने ही निजी स्कूलों के लिए एक ऐसा बाजार तैयार कर दिया है, जिसमें उन्हें मनमानी करने की छूट मिली हुई है। आज मध्यवर्ग के पास कोई दूसरा मजबूत विकल्प बचा ही नहीं है। वह जानता है कि यदि अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में भेजा जाएगा, तो वहां की व्यवस्था में उनके बच्चों का भविष्य अंधकारमय हो जाएगा। इसी डर के कारण लोग अपनी हैसियत से बाहर जाकर और कर्ज लेकर भी निजी स्कूलों का रुख करने के लिए तैयार रहते हैं। एक समय था जब लोग केवल उच्च शिक्षा या मेडिकल-इंजीनियरिंग की महंगी पढ़ाई के लिए बैंकों से कर्ज लेते थे, लेकिन आज स्थिति यह आ गई है कि स्कूली शिक्षा पूरी करवाने के लिए भी कई लोगों को कर्ज लेना लेना पड़ रहा है।

अब समय आ गया है कि शिक्षा व्यवस्था को लेकर पारदर्शी और दूरदर्शी राष्ट्रीय नीति विकसित की जाए और उसे पूरी ईमानदारी से लागू किया जाए। यह सुनिश्चित करना राज्य और सरकारों की संवैधानिक जिम्मेदारी है कि शिक्षा मनमाना मुनाफा कमाने वाला व्यवसाय न बने। शिक्षण संस्थानों को बिना किसी लाभ के सिद्धांत पर चलने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाले स्कूलों की मान्यता रद्द की जानी चाहिए। इसके समांतर, इस पूरी समस्या का सबसे प्रभावी और एकमात्र स्थायी समाधान यही है कि सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली यानी सरकारी स्कूलों का युद्धस्तर पर कायाकल्प किया जाए। जब तक हमारे देश के हर शहर, कस्बे और हर गांव के सरकारी विद्यालय निजी स्कूलों को शिक्षा की गुणवत्ता में कड़ी टक्कर नहीं देंगे, तब तक भारत का मध्यवर्ग निजी स्कूलों के इस मकड़जाल से कभी बाहर नहीं निकल पाएगा।

# उदारता का सौंदर्य

**दुनिया मेरे आगे**

**गिरीश पंकज**

समाज में न जाने कितने ऐसे लोग हैं, जो गहन अध्ययन करने के बाद अनेक मामलों में विशेषज्ञ की तरह हो जाते हैं, लेकिन ऐसे भी लोग हैं, जो ज्ञान का अतिरेक होने पर दंभ के शिकार भी हो जाते हैं। वे अपने सामने किसी को कुछ नहीं समझते। ऐसे लोग कुछ कम पढ़े-लिखे लोगों को हीन दृष्टि से देखने लगते हैं। मगर यह भी सच है कि ऐसे लोग धीरे-धीरे समाज से कटते जाते हैं और अपने दंभ की दुनिया में लीन रहकर ही खुश रहते हैं। जबकि हमारे यहां कहा गया है कि फलदार वृक्ष झुक जाते हैं, उदार हो जाते हैं। किसी अज्ञानी माने जाने वाले व्यक्ति से भी वे बड़े प्रेम से मिलते हैं। ठीक उसी तरह, जैसे किसी बच्चे से बड़े लोग प्रेम से बतियाते हैं और उसकी नादानी को अनदेखी करके उसके साथ खेलते हैं। इससे यह भी संभव है कि अज्ञानी व्यक्ति ज्ञान की राह पकड़ ले।

यों भी हर व्यक्ति ज्ञानी या महाज्ञानी नहीं हो सकता। इसी तरह हर कोई प्रखर अध्ययनशील नहीं हो सकता... हर कोई हर क्षेत्र में सफल नहीं हो सकता। तो इसका अर्थ यह नहीं कि वह उपेक्षा का पात्र है। वह भी इसी समाज का अंग है। उसने भी मेहनत की, मगर वांछित सफलता नहीं मिल सकी। इसलिए उसके साथ भी प्रेमपूर्वक व्यवहार किया जाना चाहिए। हालांकि ऐसा होता नहीं है। कुछ लोग ऐसे भी दिखाई देते हैं, जो अपनी धार्मिकता को लेकर बड़े ही आक्रामक होते हैं। वे हर जगह अपनी धार्मिकता का ढोल पीटते नजर आते हैं और कहते हैं कि मैं तो इतने उपवास करता हूं... इतने घंटे पूजा-अर्चना करता हूं। मगर सच यह है कि उनके आचरण में उनके पूजा-पाठ का कोई अंश नजर नहीं आता। वे हर घड़ी कटुता से भरे रहते हैं। उनके मुंह से प्रेम के बोल नहीं फूटते। कभी-कभी तो ऐसे लोग गालियां भी देते दिखते हैं। इस तरह के कुछ लोग भले ही खुद को सात्विक बताते हों, सादे वस्त्रों में रहते हों, लेकिन उनके आचरण में वह सात्विकता नजर नहीं आती, जो किसी धार्मिक व्यक्ति में सहज ही होनी चाहिए।

> **अगर कोई ज्ञानी है, तो अपने ज्ञान को उदारता के साथ सबको बांटते रहना चाहिए। अक्सर ऐसा होता नहीं है। हालांकि जब कभी एकांत में आत्म-मंथन करते हैं कि क्या खोया, क्या पाया की सूक्ति पर विचार करते हैं, तब पता चलता है कि उन्होंने पाया तो बहुत कुछ, लेकिन खोया उससे भी कहीं ज्यादा।**

धार्मिकता अगर मनुष्य को बेहतर और ज्यादा मानवीय न बनाए, तो वह बेकार है। ज्ञान अगर मनुष्य को विनम्र न बनाए, सहिष्णु न बनाए, उदार न बनाए, तो ऐसा ज्ञान किस काम का? केवल किताबों में दर्ज बातों को याद कर लेना ज्ञान नहीं होता। ऐसा ज्ञान रटने वाले को तोता की तरह कहा जाएगा। तोता जो सुनता है, वही दोहराने लगता है। फिर चाहे भजन हो या अपशब्द, लेकिन जो व्यक्ति विवेकशील है, वह जो ग्रहण करता है, उसके अनुरूप आचरण भी करता है। इसीलिए वह तोते से अलग होता है। अगर कोई अध्ययनशील ज्ञानी व्यक्ति अपने व्यवहार में कटु है, अभद्र है, तो इसका मतलब यह हुआ कि वह सही मायने में सच्चा ज्ञानी नहीं है। उसके पास केवल किताबी ज्ञान है। उसे अभी आत्मज्ञान नहीं हुआ है। जिसे आत्मज्ञान हो चुका है, वह विनम्र होगा. उदार होगा। वह सबकी बातें ध्यान से सुनेगा। वह किसी को अपने से कमतर नहीं समझेगा।

समस्या यह है कि चाहे ज्ञान का मामला हो या धन-दौलत का, आमतौर पर जिसके पास अधिक मात्रा में होता है, वह अपने आप को विशिष्ट समझने लगता है। धनी व्यक्ति निर्धन व्यक्ति को देखकर दूरी बना लेता है। वह किसी की आर्थिक मदद नहीं करना चाहता, जबकि उसके पास जो धन आया है, वह इसी समाज से अर्जित है. लेकिन वह यह बात समझ नहीं पाता और कृपण बना रहता है। मगर जो व्यक्ति उदार होकर अपने धन को सामाजिक कार्यों में खर्च करता है, तो उससे उसकी प्रतिष्ठा ही बढ़ती है. लोग उसे आदर के साथ देखते हैं। बुला कर उसका सम्मान भी करते हैं। मगर जो व्यक्ति विशुद्ध रूप से धनपशु बना रहता है, वह एक दिन खा-पीकर मर जाता है, तब भी सब उसकी निंदा ही करते हैं।

समाज में हमेशा दानी या उदार व्यक्ति को महत्त्व मिलता है। फिर चाहे वह ज्ञान दान करे,चाहे धन दान करे, चाहे श्रमदान करे। दशरथ मांझी जैसे लोग श्रमदान करके अमरता को प्राप्त कर जाते हैं। उदारता, विनम्रता, सहिष्णुता- ये तमाम गुण बेहतर मनुष्य के लक्षण होते हैं। जिनमें ऐसे लक्षण नहीं होते, उनकी राह अलग हो जाती है। कई बार वे अपराध के मार्ग भी पर चल पड़ते हैं। अपराध सिर्फ हत्या,बलात्कार या चोरी-डकैती ही नहीं है, किसी का दिल दुखाना भी अपराध है। किसी को अपने से छोटा समझना अपराध है। किसी सज्जन का उपहास उड़ाना भी अपराध है। किसी अच्छे व्यक्ति की उपेक्षा करना अपराध है। किसी को कम ज्ञान है, यह समझ कर उसे हेय दृष्टि से देखना अपराध है।

अगर कोई ज्ञानी है, तो अपने ज्ञान को उदारता के साथ सबको बांटते रहना चाहिए। अधिक धन है, तो उसे भी उदारता के साथ बांटना चाहिए। अक्सर ऐसा होता नहीं है। जो लोग ऐसा नहीं करते, वे अपनी सीमित दुनिया में मगन रहते हैं, लेकिन जब कभी एकांत में आत्ममंथन करते हैं कि क्या खोया, क्या पाया की सूक्ति पर विचार करते हैं, तब पता चलता है कि उन्होंने पाया तो बहुत कुछ, लेकिन खोया उससे भी कहीं ज्यादा। मगर जो ज्ञानीजन होते हैं, वे कुछ नहीं खोते, बल्कि निरंतर पाते ही रहते हैं। यह पाना ही उनकी वास्तविक कमाई है। असल पूंजी है। इसका सुख वही व्यक्ति उठा सकता है, जो निर्मल मन वाला है, उदार है और समरसताजीवी है।





## छीजता भरोसा

नीट के प्रश्नपत्रों को वायुसेना की निगरानी में वितरित किए जाने का निर्णय केवल एक प्रशासनिक व्यवस्था नहीं, बल्कि भारतीय परीक्षा प्रणाली पर गहराते अविश्वास का प्रतीक भी है। क्या देश की शिक्षा व्यवस्था और उससे जुड़ी एजंसियां इतनी कमजोर हो चुकी हैं कि अब उन्हें सेना की मदद लेनी पड़ रही है? क्या शिक्षा माफिया इतने संगठित और प्रभावशाली हो चुके हैं कि सामान्य प्रशासनिक तंत्र उन पर नियंत्रण नहीं रख पा रहा? राष्ट्रीय परीक्षा एजंसियों का मूल दायित्व निष्पक्ष, पारदर्शी और सुरक्षित परीक्षा कराना है। मगर जब प्रश्नपत्र लीक होने की घटनाएं सामने आती हैं, तब यह धारणा मजबूत होती है कि कहीं न कहीं तंत्र कमजोर पड़ा है। यदि एक संगठित गिरोह परीक्षा से पहले प्रश्नपत्र हासिल कर लेता है, तो यह केवल बाहरी अपराध नहीं माना जा सकता। वायुसेना की निगरानी में प्रश्नपत्र बांटना बीमारी का समाधान नहीं है। सरकार हमेशा सेना के साये में परीक्षाएं नहीं करा सकती। एनटीए का पूरी तरह पुनर्गठन होना चाहिए। शीर्ष अधिकारियों की सीधी जवाबदेही तय होनी चाहिए, ताकि चूक होने पर केवल जांच कमेटी न बैठे, बल्कि त्वरित और अनुकरणीय कार्रवाई हो।

*– युगल किशोर राही, छपरा*

## भटकती दिशा

